प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश विधान मंडल का बजट सत्र आज हुआ समाप्त : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतिम दिन विधान परिषद में कहा– बजट ने रखी विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला।
2. केंद्र सरकार न तीन हजार 880 करोड़ रुपये की लागत से पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में संशोधन को दी मंजूरी : प्रदेश के पशुपालकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार।
3. राज्य के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने लखनऊ में पांच दिवसीय खादी और ग्रामोद्योग लघु प्रदर्शनी–2025 का किया उदघाटन : कहा– खादी उत्पादों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है सरकार। और
4. महाकुंभ के समापन के बाद मेला प्रशासन ने संगम क्षेत्र के लिए बनाया नया रोड मैप, श्रद्धालुओं को मिलेंगी बुनियादी सुविधाएं, वाराणसी की तरह होगी संगम घाटों पर आरती।

———————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र आज समाप्त हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बजट सत्र के अंतिम दिन विधान परिषद को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने किसानों, निवेश, बिजली और कृषि

क्षेत्र में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी सदन के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट ने विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला रखी है। बाइट.....

*बजट में हम लोगों ने अंत्योदय से एक उन्नत अर्थव्यवस्था के रूप में ईज ऑफ लिविंग ऐसी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तक। कृषि से लेकर के गरीब कल्याण तक आस्था से आजीविका तक शिक्षा से स्वावलंबन तक, संस्कृति से समृद्धि तक और महिला सशक्तिकरण के संकल्प को हम लोगों ने समृद्धि करते हुए  विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला इसके माध्यम से हम लोग रखेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि दो लाख पचीस हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि केवल कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए यह विकास की गति को तीव्र करता है, अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करता है और रोजगार के अनेक अवसर का सृजन करता है।*

श्री योगी ने बताया कि 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स और इन पर 5 लाख रुपये के बीमा की सुविधा देने वाला यूपी देश का पहला राज्य बन गया है।

मुख्यमंत्री ने सदन को संबोधित करते हुए प्रयागराज महाकुंभ का भी जिक्र किया और इसे एकता का महाकुंभ बताया। बाइट.....

*एकात्मता का इससे अच्छा उदाहरण कोई जाति का भेद नहीं, कोई पंथ का भेद नहीं, कोई संप्रदाय का भेद नहीं, कोई क्षेत्र का भेद नहीं। देश की सीमाओं को भी लांघने वाला वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को जागृत करने वाला महाकुंभ एक नया संदेश दुनिया को दिया है।*

वहीं विपक्ष ने आज विधानपरिषद में आरक्षण का मुद्दा उठाया। अंत में सदन की बैठक अनिश्चितकाल के लिये स्थगित हो गई।

उधर बजट सत्र के अंतिम दिन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा परिसर में पान, पान मसाला या गुटखा खाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा की, साथ हो विधायकों को निर्गत होने वाले वाहन प्रवेश पत्रों में नई नियमों की सूचना दी। 18 फरवरी से शुरू हुए विधानसभा के बजट सत्र को भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में आज केंद्र सरकार ने पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में संशोधन को मंजूरी दे दी। सरकार ने इसके लिए तीन हजार 880 करोड़ रुपये की लागत का प्रावधान किया। नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इससे किसानों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पशु औषधि के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवा उपलब्ध कराई जाएगी। बाइट....

*यह प्रोग्राम चार मेजर डिजीजेज और इन चारों से कैसे देश में लाइवस्टॉक को किस तरह से एक मेजर उनकी हेल्थ में इंप्रूवमेंट आए वह इस प्रोग्राम का एम है। इसका जो मेजर थ्रस्ट रहेगा वह वैक्सीनेशन प्रोग्राम के थ्रू रहेगा और वैक्सीनेशन जो प्रोग्राम अब तक चला है उसके बेनिफिट्स बहुत आए है। एक बहुत इंपोर्टेंट आएगा जैसा प्रधानमंत्री जन औषधि योजना है वैसा ही इसमें पशु औषधि योजना बनाई गई है जिससे की क्वालिटी जेनेरिक मेडिसिन्स दिए जा सके।*

जौनपुर के रहने वाले पशुपालक राजेश पांडेय ने इस निर्णय के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह योजना पशुओं के लिये वरदान सिद्ध होगी। बाइट.....

*भारत सरकार की केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में महत्वपूर्ण बदलाव और संशोधन को मंजूरी दे दी है। यह योजना आने वाले समय में पशुओं को गंभीर बीमारियों से बचाने, पशुपालकों की चिंताओं को दूर करने और पशुधन तथा उसकी उत्पादकता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।*

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केन्द्र सरकार ने सोन प्रयाग से केदारनाथ रोपवे के विकास को मंजूरी दे दी है, जिसकी लंबाई 12 दशमलव 9 किलोमीटर होगी। इस परियोजना की कुल लागत चार हजार करोड़ रुपये से अधिक होगी। श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि हेमकुंड साहिब रोपवे का भी विकास किया जाएगा।

———————

प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा विभाग ने आज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नागरिक घोषणा–पत्र लागू कर दिया है। इसके अन्तर्गत जनहित से जुड़ी आवश्यक सेवाओं को चिह्नित करते हुए उनके निस्तारण के लिये समय सीमा तय करने के साथ अपीलीय अधिकारी भी तय किये गये हैं।

——————

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम और खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने आज लखनऊ में खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित 5 दिवसीय खादी और ग्रामोद्योग लघु प्रदर्शनी–2025 का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री सचान ने कहा कि सरकार खादी उत्पादों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। बाइट.....

*44 करोड़ तेईस लाख सड़सठ हज़ार रुपए की बिक्री हमारी इकाइयों ने जो भी खादी ग्रामोद्योग की इकाइयाँ थी उन्होंने की है। इस तरह से लगातार सरकार की मंशा रहती है की जो भी खादी की इकाइयाँ जुड़ी है उनके उत्पाद को जनसामान्य के बीच में पहुँचाने के लिए लगातार हम लोग इस तरह के प्रोत्साहन के कार्यक्रम करते हैं।*

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि चालू वित्तीय

वर्ष के समाप्ति से पूर्व सभी मदों में आवंटित धनराशि का शत–प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें। इसके साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। संस्कृति मंत्री लखनऊ के पर्यटन भवन में विभाग की वित्तीय प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

————————

45 दिन तक चले महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन के बाद मेला प्रशासन ने संगम क्षेत्र के लिए नया रोड मैप बनाने का निर्णय किया है। एडीएम मेला विवेक चतुर्वेदी ने आज बताया कि महाकुम्भ के समापन के बाद भी महाकुम्भ क्षेत्र के संगम और उसके आसपास के क्षेत्रां से कुम्भ में प्रदान की गई सुविधाएं हटाई नहीं जाएंगी। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रयागराज संगम में पहली बार पक्के घाटों में पर्यटकों के रुझान को देखते हुए वहां अब वाराणसी के घाटों की तरह आरती की योजना तैयार हो रही है। प्रशासन ने अगले अर्धकुम्भ 2031 तक संगम पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए क्षेत्र में लाइट्स, पेयजल के लिए वाटर एटीएम, आवागमन के लिए चकर्ड प्लेट, वाहन पार्किंग क्षेत्र, पुलिस बल, मोबाइल शौचालय, चेंजिंग रूम जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इसमें टैक्सी सेवा, फूड कोर्ट जैसी सेवाएं भी शामिल की जाएंगी। इन सबके लिए नया बजट भी आवंटित होगा। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

————————

नई दिल्ली में आज आकाशवाणी के रंग भवन सभागार में हास्य कवि सम्मेलन रंग बरसे का आकाशवाणी की

महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने उद्घाटन किया। कवि सम्मेलन में सुरेंद्र शर्मा और संतोष आनंद सहित कई जाने–माने कवियों ने काव्य पाठ किया।

————————

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का 38वां दीक्षान्त समारोह आज सम्पन्न हुआ। नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द प्रधान बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इसी क्रम में लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्र में भी समारोह आयोजित किया गया। लखनऊ इग्नू केंद्र के उपनिदेशक डॉक्टर कीर्ति विक्रम ने बताया कि समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई।

————————

उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल संघ ने वाराणसी के बनारस रेल इंजन कारखाना में मुख्य कार्यालय अधीक्षक पद पर कार्यरत संदीप यादव को प्रदेश के पुरुष और महिला अंडर–23 बास्केट बॉल टीम का कोच नियुक्त किया है। ये टीमें आगामो 18 से 24 मार्च तक गुवाहाटी, असम में प्रथम अंडर–23 नेशनल बास्केटबॉल चम्पियनशिप में भाग लेंगी।

————————

मौसम विभाग ने आज और कल के लिए मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। साथ ही प्रदेश के कई इलाकों

में 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने का अनुमान है।

—————————

चित्रकूट जिले में झांसी–मिर्जापुर हाईवे पर आज सुबह शिवरामपुर कस्बे के पास एक कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हैं। घायलों कों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर में भर्ती कराया गया है। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को घायलों का बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

(समाप्त)